हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 8 अगस्त, 2025

11 विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस एवं हर घर तिरंगा...



12 एससी आयोग के चेयरमैन ने की जनसुनवाई



## खबर संक्षेप

### सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार के लिए आवेदन 15 तक

**फतेहाबाद।** उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों नामतः पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए गृह मंत्रालय की ओर से ऑनलाइन नामांकन करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 15 अगस्त है। नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवाड डॉट जीओवी डॉट इन पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी।

### 1.2 किलो गांजा सहित युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिलेभर में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को 1 किलो 200 ग्राम गांजे सहित मौके पर काबू किया है। पकड़े गये आरोपी की पहचान नवीन उर्फ शीलू पुत्र दलबीर सिंह निवासी वार्ड नं 12 नेहरू पार्क, भुना के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम हंस कॉलोनी, फतेहाबाद क्षेत्र में गश्त व निगरानी कर रही थी। सूचना आधार की जाएगी कार्रवाई।

### कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए आवेदन 20 तक

**फतेहाबाद।** प्रदेश सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन के लिए वर्ष 2025-2026 के दौरान राष्ट्रीय कृषि विकास योजना स्कीम के फसल अवशेष प्रबंधन कॉम्पोनेन्ट के व्यक्तिगत श्रेणी में विभिन्न कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत अनुदान लेने के लिए विभाग की वेबसाइट पर 20 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

### पुलिस ने अवैध शराब के आरोपी को दबोचा

**रतिया।** रतिया पुलिस ने रत्ताखेड़ा नहर सड़क, सरदुलगढ़ रोड रतिया से 15 बोतल अवैध देसी शराब के साथ एक आरोपी को काबू किया है। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान सुरेंद्र कुमार उर्फ छिंदु पुत्र सुरजीत सिंह निवासी रत्ताखेड़ा के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया के प्रभारी उप-निरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गश्त एवं निगरानी के दौरान क्षेत्र में मौजूद थी, तभी उन्हें गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति रत्ताखेड़ा नहर की पुलिया पर अवैध शराब बेचने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश दी, जहां एक संदिग्ध व्यक्ति को काबू किया गया।

### गोगा जाहरवीर का वार्षिक मेला 17 अगस्त को

**रतिया।** गोगामेड़ी रतिया में गोगा जाहरवीर जी का वार्षिक मेला 17 अगस्त दिन रविवार को बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। गोगा मेडी सेवा ट्रस्ट के सदस्य विनोद बंसल ने बताया दुधस्त्र संत बाबा तेजगिर जी महाराज के पावन सनिध्य में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गोगामेडी सेवा ट्रस्ट द्वारा गोगामेड़ी मंदिर में गोगा जाहरपीर के वार्षिक मेले का आयोजन बड़े धूमधाम से किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां पूरे जोरो शोरो से चल रही है।

### डोडा पोस्त तस्करी के सप्लायर को किया काबू

**फतेहाबाद।** डोडा पोस्त तस्करी के एक मामले में फतेहाबाद पुलिस ने मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान हंसराज उर्फ गोनिया पुत्र आशा राम निवासी चबला मोरी हाल ढाणी रकबा, गांव बीघड़ के रूप में हुई है। इससे पहले भी इस मामले में एक आरोपी को काबू किया जा चुका है। थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि पुलिस टीम अपराधों की रोकथाम के लिए गश्त पर थी। इस दौरान टीम को गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई।

---

### सत्तारूढ़ दल का कोई भी नेता नहीं पहुंचा किसानों की सुध लेने

# बरसात से फतेहाबाद के 12 गांवों में डूबी नरमा की फसल

**अब तक 20 हजार एकड़ से ज्यादा फसल पानी की भेंट चढ़ी**

**विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया सीएम से मिले, इनेलो नेता सुनैना चौटाला ने सरकार से मुआवजे की मांग की**

सुरेन्द्र असीजा ⏭ फतेहाबाद



फतेहाबाद। सीएम को ज्ञापन सौंपते विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया।

जिला में पिछले दिनों हुई भारी बरसात से फतेहाबाद के करीब 12 गांवों में जलभराव हो गया। जलभराव से इन गांवों में करीब 20 हजार एकड़ नरमा की फसल नष्ट हो गई। इसके अलावा सेमग्रस्त गांवों में जलभराव से भारी नुकसान हो रहा है। बरसात से फसलें खराब होने के बाद सत्तारूढ दल के विधायकों व मंत्रियों ने अभी प्रभावित गांवों और किसानों की कोई सुध नहीं ली। इसके विपरीत यहां के कांग्रेसी विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया व इनेलो की एक्टिव नेता सुनैना चौटाला इन प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर चुके हैं। इतना ही नहीं, विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया मुख्यमंत्री से मिलकर बरसात से खराब हुई नरमे की फसल की गिरदावरी करवाकर तुरंत मुआवजा जारी करने की मांग कर चुके हैं। बता दें कि बारिश के बाद ही यहां दो मंत्रियों ने अलग-अलग समय में दौरे किए हैं। इनमें हांसी के विधायक विनोद भ्याना, कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी भी शामिल हैं। वीरवार को क्षेत्र में बरसात से खराब हुई फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर फतेहाबाद से कांग्रेस विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने सीएम नायब सिंह सैनी से मुलाकात की और उन्हें किसानों की समस्या से अवगत करवाया। उन्होंने सीएम से मांग की कि जल्द से जल्द प्रभावित गांवों का सर्वे कराकर पीड़ितों को मुआवजा और राहत दी जाए। सीएम सैनी ने कांग्रेस विधायक को किसानों की हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया है। विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने बताया कि उन्होंने सीएम को बताया कि क्षेत्र में लगातार हुई बारिश के कारण दर्जनों गांवों में खेत जलमग्न हो गए है। सेम और खारे पानी ने हजारों किसानों की फसलों को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। वहीं, किसान और मजदूर परिवार आजीविका के गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। खेतों में खड़ी फसलें नष्ट हो चुकी हैं और मजदूरी भी ठप हो गई है। दौलतपुरिया ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि प्रशासन को तुरंत सर्वे के निर्देश दिए जाएं। स्पेशल गिरदावरी करवाई जाए। किसान स्वयं नुकसान की जानकारी दे सकें, इसलिए पोर्टल भी खोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को जल्द उचित मुआवजा जारी किया जाए, ताकि पीड़ितों को मदद मिल सके। बता दें कि, फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के गांव बनगांव, चिंदड़, खाराखेड़ी, बड़ोपल, सरवरपुर, ठुइयां में सबसे अधिक बुरा हाल है। इन गांवों में पहले से ही किसान सेम की समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसे में तेज बारिश के बाद स्थिति और बिगड़ गई है। गांव रामसरा, जांडवाला बागड़ व गदली में ड्रेन में ज्यादा पानी भरने व ज्यादा समय से ड्रेन में पानी का रिसाव रहने के कारण खेतों में जलभराव हो गया है। इससे आसपास की सभी फसलें नष्ट हो रही है। अब तक इन गांवों में 20 हजार एकड़ से भी ज्यादा की फसल पानी की भेंट चढ़ चुकी है।

#### इन गांवों में भारी बरसात से डूबी फसल

बीती 30 व 31 जुलाई को दो दिन लगातार अच्छी बारिश हुई है। इसमें पहले दिन 40 एमएम और दूसरे दिन 30 एमएम बारिश दर्ज की गई। इसमें सर्वाधिक बरसात भट्टू एरिया में हुई। भट्टू के गांव रामसरा, जांडवाला बागड़, गदली, पीलीमंदौरी, शकरमंदौरी व बनमंदौरी सेमग्रस्म गांव है। यहां पर अधिकांश किसानों ने नरमे की फसल बीज रखी है। दो दिन बरसात होने से यहां खेतों में जलभराव हो गया और अभी भी खेतों में पानी खड़ा है। इसी तरह फतेहाबाद के गांव बनगांव, बड़ोपल, चिंदड़, खाराखेड़ी, सरवरपुर, ठुईयां आदि सेमग्रस्त है। यहां पर भी भारी बारिश से खेतों में नरमे की फसल डूब गई है।

#### सुनैना चौटाला ने भी उठाई थी मांग

बता दें कि कांग्रेस विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया के बाद इनेलो की महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने भी बारिश से प्रभावित गांवों का दौरा किया था। उन्होंने पहले प्रभावित गांवों के किसानों के साथ एडीसी अनुराग ढालिया से मुलाकात कर उनसे तत्काल किसानों की मदद करने की मांग की। इसके बाद गांवों में जाकर मौके से भी कृषि विभाग के अधिकारियों को फोन पर निर्देश दिए थे।

---



फतेहाबाद। हंस कालोनी में पशुबाड़े के कारण फैली गंदगी। *फोटो: हरिभूमि*

## भरी आबादी क्षेत्र में एक व्यक्ति ने पाल रखे 500 से अधिक पशु

- गंदगी से परेशान कालोनीवासियों ने सीएम से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

रिहायशी कालोनी में एक व्यक्ति द्वारा भारी संख्या में पशुओं को रखने से लोग परेशान है। इस समस्या को लेकर वार्ड नं. 17, हंस कालोनी के लोगों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर कालोनी में खुले पशुबाड़े को बंद करवाने की मांग की है। कालोनीवासियों ने वीरवार को समाधान शिविर में भी पहुंचकर इस समस्या को अधिकारियों के सामने रखा। वार्ड के पार्षद संजीव कुमार रूखाया, कालोनीवासी दर्शन लाल मिघानी, मदन लाल, विजय मांगल, पप्पूराम, अमीर, मदन लाल, बलबीर, रवि कुमार, पूर्व पंच कपूर सिंह, रजनी, राजपाल, दर्शन लाल आदि ने कहा है कि वह हंस कालोनी में महिला कॉलेज के पास रहते हैं। उनकी कालोनी में मोहम्मद खान व सरीफ खान नामक दो लोगों ने पशुबाड़ा खोला हुआ है जिसमें करीब 500 गाय रखी हुई है। यह गायें सारा दिन कालोनी में घूमती रहती है। गायों के बड़े-बड़े सींग होने के कारण लोगों में डर का माहौल है और आने जाने वालों को कई बार चोट भी लगी है।

#### फैल रही गंदगी

महिला कॉलेज में आने वाली छात्राओ को भी काफी समस्या हो रही है। इतनी गायें होने के कारण गलियों में गोबर बिखर जाता है और बारिश के मौसम में गंदा पानी इकठा होने कि वहां पर मच्छर-मक्खियों के कारण बीमारियां फैलने का भी खतरा बना हुआ है। मोहल्ले में गंदगी और बदबू के कारण उनका अपने घरों में रहना दुभर हो गया है। इन लोगों ने बताया कि वह कई बार उक्त दोनों को अपने पशु रिहायशी कालोनी से बाहर ले जाने को कह चुके हैं लेकिन दोनों झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं और गाली-गलौच करने लगते हैं। वह कहते हैं कि नगरपरिषद या प्रशासन उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। कालोनीवासियों ने आरोप लगाया कि उक्त दोनों चोरी हुए पशुओं की तस्करी भी करते हैं। इसको लेकर लोगों ने पुलिस को भी मौके पर बुलाया लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। कालोनीवासियों ने कहा कि इस समस्या को लेकर वह नगरपरिषद के चक्कर काट-काट कर थक चुके है लेकिन अभी तक समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया।

---

## नहर पुल के नीचे मिला लड़की का शव

- मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को दी सूचना, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना



टोहाना। नहर से लड़की के शव को निकालते पुलिस कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*

हिसार रोड स्थित फतेहाबाद ब्रांच नहर के पुल के नीचे पानी में गली-सड़ी हालत में एक युवती का शव मिला है। सुबह जब लोगो ने यहां लड़की के शव को अटके देखा तो उनमें हडकंप मच गया और लोगों ने तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और शव को नहर से बाहर निकाला गया। शव की हालत इतनी खराब है कि मृतका की पहचान करना लगभग नामुमकिन हो गया है। मिली जानकारी अनुसार टोहाना में सुबह जब लोग सैर पर निकले तो उन्होंने फतेहाबाद ब्रांच नहर पुल के नीचे एक लडक़ी के शव को फंसे देखा। इस पर लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सहारा रेस्क्यू टीम के प्रमुख नवजोत सिंह ढिल्लों को सूचित किया। पुलिस के अनुसार मृतका की उम्र लगभग 25-26 वर्ष के आसपास हो सकती है। शव की हालत इतनी खराब है कि चेहरे की पहचान करना भी संभव नहीं है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

---

**पूर्व विधायक के भाई पर हमले का मामला**

## पुलिस ने तीन आरोपी दबोचे, गाड़ी बरामद

- मामले की जांच जारी, नियमानुसार होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद।



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में पकड़े गए आरोपी।

पूर्व सीएम भजनलाल के भतीजे एवं फतेहाबाद के पूर्व विधायक दुड़ाराम के भाई उग्रसैन बिश्नोई की गाड़ी पर हमला कर चैन छीनने के मामले में कार्रवाई करते हुए सदर फतेहाबाद पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि पकड़े गए आरोपियों की पहचान मुकदमे के अभियोजन के कारण साझा नहीं की गई है। आरोपियों के कब्जे से एक फॉच्र्यूनर गाड़ी भी बरामद की गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने इस संबंध में पुलिस ने सुशील कुमार पुत्र कृष्ण कुमार निवासी शेखुपुर दड़ौली की शिकायत पर केस दर्ज किया था। सुशील कुमार उग्रसैन बिश्नोई की गाड़ी का चालक है। अपनी शिकायत में सुशील ने कहा था कि 4 अगस्त की रात वह अपने साथियों के साथ कार में गांव मोहम्मदपुर रोही से फतेहाबाद जा रहा था। रास्ते में कृष्ण पुत्र रिछपाल के खेत के पास उनकी गाड़ी को 2 गाडिय़ों ने घेर लिया। शिकायतकर्ता के अनुसार हमलावरों ने कार के शीशे तोड़े, उसके साथ मारपीट की, कार की चाबी और गले की सोने की चेन छीन ली तथा जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर पीड़ित से शिकायत प्राप्त की। शिकायत के आधार पर थाना सदर फतेहाबाद में आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए अभी तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है और नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

---



सिरसा। मेडिकल सील कर संचालक को नोटिस देती टीम। *फोटो: हरिभूमि*

## 600 नशीली गोलियां बरामद मेडिकल स्टोर किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

- सीआईए डबवाली पुलिस ने की छापेमारी

सदर थाना डबवाली व सीआईए डबवाली पुलिस ने ड्रग कंट्रोलर ऑफिसर सुनील को साथ लेकर प्रीत मेडीकल स्टोर गांव लोहगढ़ पर छापेमारी की। मेडिकल पर 600 गोलियां टेम्पेंटाडोल बरामद करते हुए मेडिकल को सील किया। सदर थाना डबवाली प्रभारी शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि मेडिकल नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए उन्होंने स्वयं सीआईए डबवाली प्रभारी राजपाल के साथ गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए औषधि नियंत्रण अधिकारी के साथ मिलकर प्रीत मेडिकल स्टोर पर रेड की। रेड के दौरान नशे में प्रयुक्त होने वाली 600 गोलियां बरामद कर मेडीकल को सील किया गया। मेडिकल संचालक गुरप्रीत सिंह पुत्र रामस्वरूप सिंह निवासी लोहगढ़ के खिलाफ कार्रवाई की गई।

---

## टोहाना में आयुष्मान योजना के तहत 13 अस्पतालों में इलाज बंद, सौंपा ज्ञापन

**टोहाना।** टोहाना में आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज करने वाले सभी 13 अस्पतालों ने इलाज बंद कर दिया है। इससे टोहाना में लाभार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पैनल पर कार्यरत अस्पताल प्रबंधकों ने एसएमओ डॉ. कुणाल वर्मा के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजकर कार्रवाई की मांग की है। आईएमए प्रधान डॉ. दीपांश भाटिया ने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत इलाज करने वाले डॉक्टरों का सरकार की तरफ करोड़ों रुपया बकाया है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर सरकार ने कोई संज्ञान नहीं लिया है। इसी कारण प्रदेश कार्यकारिणी के आदेशानुसार आयुष्मान भारत के तहत पैनल पर कार्य करने वाले अस्पतालों की हड़ताल की गई है। अब इन अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड पर मरीजों का इलाज नहीं किया जाएगा। यह स्थिति तब तक जारी रहेगी जब तक सरकार बकाया राशि का भुगतान नहीं करती और अस्पतालों की मांगों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाती। बता दें कि आयुष्मान भारत योजना के तहत टोहाना में मानव सेवा संगम अस्पताल, भाटिया नर्सिंग होम, राजन आई केयर, साईं अस्पताल, जनता अस्पताल, मेहता अस्पताल, पारुल ई एन टी अस्पताल सहित 13 अस्पताल शामिल है।

## सिरसा:आयुष्मान कार्ड धारकों का निजी अस्पतालों में नहीं हुआ इलाज, सरकारी अस्पताल में रही भीड़

सिरसा। आईएमए द्वारा आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों को उपचार बंद करने से जिला नागरिक अस्पताल में मरीजों की भीड़ लगी रही। हररोज नागरिक अस्पताल में ओपीडी 1200 रहती है ,लेकिन आज मरीजों की संख्या ज्यादा होने से ओपीडी करीब 1500 तक पहुंच गई। अधिकतर मरीज पेट, नाक, गला, आंख, खांसी, बुखार,एलर्जी व हड्डी रोग से ग्रसित थे। दिनभर मरीजों की लाइनें लगी रही। वैसे भी आयुष्मान कार्ड धारक प्राइवेट अस्पताल में गंभीर बीमारी के उपचार हेतु ज्यादा जाते हैं। प्राइवेट अस्पतालों में उपचार न मिलने से आयुष्मान कार्ड धारकों को परेशानी उठानी पड़ी। आयुष्मान कार्ड धारकों का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही सरकार प्राइवेट अस्पतालों का भुगतान कर दी। जिसके बाद फिर से आयुष्मान कार्ड धारक गंभीर बीमारियों का उपचार कर पाएंगे। बता दें कि बुधवार को आईएमए के चिकित्सकों ने फैसला लिया था कि वीरवार को आयुष्मान कार्ड पर मरीजों का उपचार नहीं किया जाएगा। आईएमए के पदाधिकारियों का कहना है कि सरकार ने गरीबों के लिए आयुष्मान कॉर्ड की योजना शुरू की थी। शुरुआत में यह योजना अच्छे से काम करती रही। लेकिन, धीरे-धीरे योजना के लाभार्थियों की संख्या बढ़ा दी गई। लेकिन योजना का बजट कम कर दिया गया। जिस कारण पिछले चार-पांच माह से चिकित्सकों को आयुष्मान कॉर्ड पर किए उपचार का भुगतान नहीं मिल रहा है।

---

**विरोधी पार्षदो नें उच्च न्यायालय से वापस ली याचिका**

## भाजपा संगठन ने जिला परिषद चेयरपर्सन की कुर्सी बचाने के लिए झोंकी ताकत

- 12 पार्षदों ने डीसी को पत्र सौंपकर अविश्वास प्रस्ताव पर बैठक बुलाने की मांग की थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिला परिषद् चेयरपर्सन की कुर्सी पूर्व विधायक दूड़ा राम के गले की फांस बनकर रह गई। पूर्व विधायक की शह पर कुल 18 जिला पार्षदों में से 12 पार्षदों ने करीब डीसी को पत्र सौंपकर अविश्वास प्रस्ताव पर बैठक बुलाने की मांग की थी। हालांकि जिला प्रशासन ने अभी तक बैठक की कोई तारीख तय नहीं की है। जिस पर विरोधी पार्षदों ने बैठक बुलाने को लेकर हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन इसी बीच पार्षदों ने बुधवार को हाइकोर्ट से अपनी याचिका वापिस ले ली। लेकिन साथ ही विरोधी पार्षदों ने दावा किया है कि उन्हें दूड़ा राम व देवेंद्र बबली दोनों का समर्थन प्राप्त है। भाजपा का जिला संगठन खुलकर चेयरपर्सन सुमन खीचड़ के समर्थन में आ गया है तथा चेयरपर्सन की कुर्सी बचाने की कवायद में जुट गया है। भाजपा संगठन ने इसे चुनौती के रूप में लिया है। जिस कारण पूर्व विधायक दूड़ा राम की स्थिति काफी विकट हो गई है। उनके लिए पार्टी व अपने समाज दोनों में ही सफाई देना मुश्किल हो रहा है। जिला परिषद् चेयरपर्सन सुमन खीचड़ पार्टी की जिला उपाध्यक्ष भी है तथा उनकी छवि भी साफ सुथरी मानी जाती है। जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने चेयरपर्सन की कुर्सी बचाने के लिए ताबड़तोड़ बैठकें करके विरोधी पार्षदों को मानने के प्रयास तेज कर दिए हैं। जिस कारण पूर्व विधायक दूड़ाराम बैकफुट पर आ गए हैं। उनके लिए बड़ी पसोपेश की स्थिति बन गई है। हालांकि यह तो पता नहीं चल सका कि विरोधी पार्षदों की चेयरपर्सन के प्रति नाराजगी दूर हुई या नहीं। लेकिन हाइकोर्ट से अचानक याचिका वापिस लेने से लग रहा है कि जिला संगठन चेयरपर्सन की कुर्सी बचाने में सफल हो गया है।

#### स्वाभिमान की लड़ाई है: विरोधी पार्षद

विरोधी पार्षदों को लीड कर रहे बंटी गढ़वाल ने कहा कि यह लड़ाई किसी पार्टी या किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं है। उनके स्वाभिमान की लड़ाई है। उनका कहना है कि चेयरपर्सन जिला परिषद् के सदस्य की अपेक्षा उनके वार्डो के गांवों के सरपंचों के कहने पर विकास कार्य करवा देती हैं, जिसका पार्षद को पता ही नहीं चलता। इसके अलावा कुछ पार्षदों का यह भी आरोप है कि उनके वार्डो में विकास कार्यों को लेकर भेदभाव किया जाता है। जिला पार्षदों को कोई अहमियत नहीं दी जाती।

#### चेयरपर्सन को पद से हटाकर ही मानेंगे : गढ़वाल

*बंटी गढ़वाल ने दावा किया कि अगले सप्ताह प्रशासन अविश्वास प्रस्ताव पर बैठक की तारीख की घोषणा कर देगा। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि उन्हें पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली, पूर्व विधायक दूड़ा राम व भाजपा जिला प्रधान का भी समर्थन है। वे सभी एकजुट हैं तथा चेयरपर्सन सुमन खीचड़ को पद से हटाकर ही मानेंगे।*



बच्चो, बारिश के दौरान जब तुम घर से बाहर निकलते हो तो भीगने से बचने के लिए छाते का इस्तेमाल जरूर करते होगे। क्या तुम जानते हो कि दुनिया के कई देशों में 'अंब्रेला म्यूजियम' यानी छाता संग्रहालय भी हैं? जानो, कुछ अंब्रेला म्यूजियम्स के बारे में।

# अलग-अनोखे हैं ये अंब्रेला म्यूजियम

रोचक
शिखर चंद जैन

बच्चो, बारिश का मौसम आते ही सबसे पहले याद आता है छाता। भीगने से बचाने का सबसे आसान जरिया छाता ही है। दुनिया भर में इसका इस्तेमाल सदियों से हो रहा है। सैकड़ों तरह के छाते देश-विदेश में प्रचलित हैं। तुम्हें जानकर अचरज होगा कि कुछ देशों में अनोखे छाता संग्रहालय भी मौजूद हैं। यहां तुम छातों के क्रमिक विकास और उनके विभिन्न प्रकारों के बारे में जान सकते हो।

## अंब्रेला एंड पारासोल म्यूजियम, इटली

इटली के पीडमोंट में मौजूद इस अनूठे छाता और छत्र (पारासोल) संग्रहालय की स्थापना 1939 में इगिनो एंब्रोसिनी (1883-1955) ने की थी। हालांकि वह खुद कृषि विज्ञानी थे, लेकिन छाता बनाना उनका पुश्तैनी कारोबार था। इसलिए छाते के प्रति उनको लगाव था। 1976 से इस संग्रहालय को वर्बानो-कुसियो-ओसोला प्रांत के गिग्नेस में स्थित दो-मंजिला इमारत में शिफ्ट कर दिया गया।

इस संग्रहालय में विभिन्न खंडों में छाते, छत्र और इनके निर्माण से जुड़ी सामग्रियों सहित 1,000 से अधिक वस्तुएं प्रदर्शित की गई हैं। इनके माध्यम से दर्शक यहां 1800 के दशक के आरंभ से लेकर आज तक छतरियों के क्रमिक विकास को देख और समझ सकते हैं।

इस म्यूजियम में तरह-तरह के फीते, रेशम, सूती और सिंथेटिक फैब्रिक, लकड़ी, हड्डी और धातु के फ्रेम के साथ, लकड़ी में नक्काशीदार सुंदर हैंडल, हाथी दांत, मोती और चांदी जैसी बहुमूल्य सामग्रियों से बनी छतरियां भी दर्शकों को खूब लुभाती हैं। संग्रहालय की पहली मंजिल छाता बनाने वाले कारीगरों के पेशे को समर्पित है। यहां तुम दो विशाल छाते भी देख सकते हो, जिन पर चित्रकार फेलिस वेलन ने छाता बनाने वालों के जीवन का संक्षिप्त चित्रण किया है। संग्रहालय में ऐतिहासिक वस्तुओं के लिए भी एक खंड समर्पित किया गया है, इसमें पूर्व रानी मार्गरिटा की छतरी प्रदर्शित की गई है।



अंब्रेला कवर म्यूजियम, यूएसए

## अंब्रेला कवर संग्रहालय, यू एस ए

यह संग्रहालय अमेरिका के पीक्स आईलैंड में स्थित है। इस मशहूर संग्रहालय का निर्माण नैंसी हॉफमैन ने वर्ष 1996 में करवाया। इस संग्रहालय को बनाने का विचार हॉफमैन के मन में तब आया जब वे एक अलमारी साफ कर रहे थे और उन्हें पुराने सात छाते मिले। संग्रहालय की शुरुआत हॉफमैन ने अपने घर की रसोई से की। जैसे-जैसे उनका संग्रह बढ़ता गया, इसे एक बड़े स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने यहां 66 देशों से बड़ी संख्या में छाते और छत्र संग्रह किए। इस संग्रहालय में 'लेट अ स्माइल बी योर अंब्रेला' गाते हुए अकॉर्डियन बजाते हुए हॉफमैन को अकसर ही देखा जा सकता है।

अंब्रेला कवर म्यूजियम का मिशन कहता है कि यह संग्रहालय रोजमर्रा की जिंदगी में दैनिक उपयोग की चीजों की सराहना के लिए समर्पित है। इस संग्रहालय में ढाई इंच की बार्बी डॉल की नन्ही सी छतरी से लेकर छह फुट लंबा छाता भी मौजूद है। 7 जुलाई 2012 को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने हॉफमैन के 730 छातों के संग्रह को दुनिया का सबसे बड़ा अंब्रेला म्यूजियम माना।

## चीन छाता संग्रहालय, चीन

चीन का हांगझोऊ आर्द्र जलवायु वाला शहर है। यहां काफी बारिश होती है। हांगझोऊ को चीनी छाते का जन्मस्थान भी माना जाता है। यहां के इस छाता संग्रहालय में तुम्हें छाते से जुड़े कई



सवालों के जवाब मिल सकते हैं। चीन के पहले छाता संग्रहालय के रूप में यह छाता संस्कृति, छाता इतिहास, छाता कथा और छाता निर्माण प्रक्रिया को व्यापक रूप से प्रदर्शित करता है। इस संग्रहालय को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसके भीतर तुम्हें बारिश में खड़े होने का अहसास होगा। संग्रहालय के अंदर, मल्टीमीडिया उपकरणों द्वारा निर्मित आभासी बारिश का दृश्य और पानी का धुआं सा यानी कोहरा सा दिखाई देता है। संग्रहालय की दीवारों को टाइल ग्रे रंग से रंगा गया है। संग्रहालय के छह ब्लॉक्स में छतरियों की उत्पत्ति, विभिन्न श्रेणियां, कला -संस्कृति और आधुनिक छातों को प्रदर्शित किया गया है। इसके अलावा संग्रहालय के अंदर एक इंटरैक्टिव जोन भी है। जहां पर्यटक छतरियों के पुर्जे जोड़ने, छतरी रंगने और छतरियों की मरम्मत करने जैसी एक्टिविटीज में हिस्सा ले सकते हैं। *

### देश में बन रहा रेन म्यूजियम

**बच्चो, अपने** देश में कोई छाता संग्रहालय तो नहीं है। लेकिन दुनिया के पहले रेन म्यूजियम का निर्माण किया जा रहा है। बच्चो, दुनिया में सबसे अधिक वर्षा वाले स्थान मेघालय के मॉसिनराम में दुनिया का पहला वर्षा संग्रहालय बनाया जा रहा है। तुम्हें बताते चलें कि मॉसिनराम, धरती का सबसे ज्यादा बारिश वाला स्थान है, जहां हर साल 11,000 मिमी से ज्यादा बारिश होती है। 35 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस वर्षा संग्रहालय के अंदर पर्यटकों को वर्षा और इसके इतिहास के बारे में जानने का मौका




मिलेगा। इमेजिन करो, तुम एक ऐसे कमरे में प्रवेश कर रहे हो, जहां बारिश हो रही है। इस एक्सपीरियंस के लिए यहां एक इनडोर रेन जोन भी बनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वर्षा के दौरान रेन म्यूजियम के भीतर भी इस पहाड़ी गांव से गुजरने के अनुभव को जीवंत बनाना है। भारत का मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और इसरो वास्तविक समय के डेटा का उपयोग करते हुए वर्षा को कैसे मापते हैं? जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में इसका क्या अर्थ है, इस पर यहां इंटरैक्टिव प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी।

बच्चो, रक्षाबंधन का इंतजार हर भाई-बहन को होता है। भाई-बहन के प्यार भरे रिश्ते का महत्व बताने वाले इस त्योहार से जुड़ी अनेक कथाएं, किंवदंतियां और ऐतिहासिक किस्से हैं। इनमें से कुछ के बारे में यहां बता रहे हैं।

# कैसे शुरू हुआ रक्षाबंधन

पर्व
शिवानी छाया

बच्चो, भाई-बहन के प्यार और स्नेह को प्रकट करता है रक्षाबंधन का त्योहार। इस दिन बहनें अपने प्यारे भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं, तिलक लगाती हैं और मिठाई खिलाती हैं। भाई भी अपनी प्यारी बहना को गिफ्ट देते हैं। साथ ही हमेशा अपनी बहन का साथ निभाने, उसकी रक्षा करने का वादा भी करते हैं। क्या तुमने कभी सोचा है कि रक्षाबंधन पर्व की शुरुआत कब और कैसे हुई? जानो, इसके बारे में।



**रक्षाबंधन से जुड़ी पौराणिक कथाएं:** एक पौराणिक कथा के अनुसार राजा बलि, भगवान विष्णु के परम भक्त और महादानी थे। एक बार, राजा बलि ने यज्ञ करके स्वर्ग पर अधिकार करने का प्रयास किया, जिससे भयभीत होकर देवराज इंद्र ने भगवान विष्णु से मदद मांगी। भगवान विष्णु, वामन का रूप धारण कर राजा बलि के द्वार पर पहुंचे और उनसे तीन पग भूमि दान में मांगी। राजा बलि ने इस मांग को स्वीकार कर लिया। वामन रूप धरे भगवान विष्णु ने तो एक पग में पूरी धरती और दूसरे पग में पूरा आकाश नाप दिया। अब क्या? अब वे तीसरा पग कहां रखें? तब राजा बलि ने अपना सिर आगे कर कहा कि आप अपना तीसरा पग मेरे सिर पर रख लीजिए। राजा की यह दानवीरता देख भगवान प्रसन्न हुए और राजा बलि को पाताल लोक का राजा बना दिया और उनसे वरदान मांगने को कहा। राजा बलि ने भगवान विष्णु से वरदान मांगा कि आप मेरे साथ पाताल लोक में ही चलकर रहें। भगवान विष्णु राजा बलि के साथ पाताल लोक में रहने चले गए। इससे माता लक्ष्मी और सभी देवता चिंतित हो गए। माता लक्ष्मी एक गरीब महिला का रूप धारण कर महाराज बलि के पास पहुंची और उन्हें राखी बांधी। जब राजा बलि ने राखी के बदले में कुछ मांगने को कहा, तो माता लक्ष्मी अपने असली रूप में आ गईं और उन्होंने राजा बलि से कहा कि वह भगवान विष्णु को बैकुंठ धाम जाने दें। राखी का मान रखते हुए राजा बलि ने माता लक्ष्मी की बात मान ली। फिर भगवान विष्णु माता लक्ष्मी के साथ अपने धाम को लौट गए। बच्चो, हर साल हिंदू पंचांग के अनुसार श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को रक्षाबंधन त्योहार मनाया जाता है, क्योंकि इसी तिथि को माता लक्ष्मी ने राजा बलि को राखी बांधी थी।

एक दूसरी कथा महाभारत में वर्णित है- जब भगवान श्रीकृष्ण ने शिशुपाल का सुदर्शन चक्र से वध किया, तो इस दौरान उनकी अंगुली घायल हो गई थी और उससे खून बहने लगा था। भगवान कृष्ण की अंगुली से खून बहते देखकर द्रौपदी ने अपनी साड़ी का एक टुकड़ा फाड़कर उनकी अंगुली में बांध दिया। इस चीर (वस्त्र) के बदले में श्रीकृष्ण ने द्रौपदी को हर संकट से बचाने का वचन दिया। आगे चलकर अपने वचन का मान रखते हुए भगवान श्रीकृष्ण ने द्रौपदी के चीरहरण के समय उनकी रक्षा की।

**रक्षाबंधन से संबंधित ऐतिहासिक किस्से:** कहा जाता है कि सिकंदर ने जब पोरस के राज्य पर आक्रमण किया तो सिकंदर की पत्नी रोक्साना ने राजा पोरस को राखी भेजकर युद्ध में सिकंदर को नुकसान न पहुंचाने का अनुरोध किया था।

एक अन्य प्रसंग चित्तौड़ की महारानी कर्णावती का है, जिन्होंने हुमायूं को राखी भेजकर अपने राज्य को आक्रमणकारियों से बचाने का निवेदन किया था। हुमायूं ने रानी कर्णावती को बहन माना और उनकी मदद की।

ब्रिटिश राज में, 1905 में बंगाल विभाजन के दौरान देशवासियों को एकजुट करने के लिए रवींद्रनाथ टैगोर ने हिंदुओं-मुसलमानों को एक-दूसरे को राखी बांधने का आह्वान किया था। *

कविता / वसीम अहमद नगरामी

## रक्षाबंधन के दिन



रक्षाबंधन के दिन तितली
चुपके-चुपके आई।
बोली, भंवरे भैया अपनी
आगे करो कलाई।
लाई हूं सुंदर सी राखी
लो भैया बंधवा लो,
मैंने बनाई खास मिठाई
लो थोड़ी सी खा लो।

भंवरे ने राखी बंधवाई
बड़े मजे से खाई मिठाई।
खुश होकर तब तितली बोली
जुग-जुग जियो मेरे भाई।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## मीठे-प्यारे गीत

बच्चो, कुछ समय पहले तुम्हारे लिए मीठे-मीठे प्यारे गीतों की एक किताब 'बचपन है फुलवारी' छपकर आई है। इसके लेखक हैं राजा चौरसिया। इस किताब में कुल 32 गीत हैं। इन गीतों को पढ़ने में तुम्हें मजा तो आएगा ही, इनसे बहुत कुछ सीखने को भी मिलेगा। कई गीतों में प्रकृति के संरक्षण और वृक्षों की महत्ता को बताया गया है। *'आओ बढ़ाएं इस धरती पर, वृक्षारोपण से हरियाली।'* कुछ गीतों में हंसने, मुस्कुराने और खुश रहने के लिए प्रेरित किया गया है। जैसे- *'फूलों की कलियों सी भाए, मंद-मंद मुस्कान। तन-मन स्वस्थ, मस्त हैं रहते, हो न कोई नुकसान।'* कुछ बच्चे जरा सी परेशानी आने पर हताश हो जाते हैं। उनको अपना हौसला बढ़ाने के लिए इस किताब के कुछ गीत पढ़ने चाहिए। ऐसे ही एक गीत की पंक्तियां हैं, *'चाहे देर भले लग जाए, रंग परिश्रम लाता है। जिसमें रहती लगन निरंतर, वही सफलता पाता है।'* इनके अलावा कई और भी प्यारे गीत हैं। किताब के अंत में बच्चो, तुम एक मजेदार गीत 'चूहे का उत्तर' भी पढ़ सकते हो। *



**किताब:** बचपन है फुलवारी, **लेखक:** राजा चौरसिया
**मूल्य:** 125 रुपए, **प्रकाशक:** पाथेय प्रकाशन, जबलपुर

## जीके क्विज-165

1. हाल ही में किस अभिनेत्री को बेस्ट एक्ट्रेस का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला?
2. दिल्ली की वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं?
3. भारत में पहली एसटीडी फोन सेवा देश के किन दो शहरों के बीच शुरू की गई थी?
4. सात हजार से अधिक प्रायद्वीपों का समूह कहां स्थित है?
5. भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता कौन थे?
6. ब्रिटिश काल में 'दीनबंधु' के नाम से कौन से महापुरुष प्रसिद्ध हुए थे?
7. गौतम बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश कहां दिया था?
8. भारत के पहले सुपर कंप्यूटर का नाम क्या था?
9. एक्स-रे का आविष्कार किसने किया था?
10. रिक्टर स्केल से क्या मापा जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-165 का उत्तर 'बालभूमि' के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-164 का उत्तर :** 1. 29 अगस्त, 2.दिव्या देशमुख, 3.उपराष्ट्रपति, 4.नई दिल्ली, 5.राष्ट्रपति, 6.बृहस्पति, 7.चिल्का झील, 8.राजस्थान, 9.त्वचा (स्किन), 10.विवेक एक्सप्रेस

**जीके क्विज-164 का सही उत्तर देने वाले :** चंचल-गरियाबंद, सौरभ-बिलासपुर, संजना-रोहतक, आद्या-उमरिया, सौम्या-जांजगीर, स्वप्निल-जांजगीर, उमेश-धमतरी, नैतिक-मानपुर, अश्विनी-राजनांदगांव, कबीर-हिसार



कहानी
हरीश कुमार अमित

राखी का त्योहार आया तो अदिति ने अपने भाई क्षितिज को सरप्राइज देने की सोची। उधर क्षितिज ने भी अपनी बहन को सरप्राइज देने की सोच रखी थी। मजे की बात हुई कि अदिति-क्षितिज के मम्मी-पापा ने भी अपने बच्चों को ऐसा सरप्राइज दिया कि उनका राखी का त्योहार सबके लिए सरप्राइज भरा हो गया।

# सरप्राइज वाली राखी



रक्षाबंधन वाले दिन की सुबह अदिति अपने आप ही जाग गई थी, वरना स्कूल जाने वाले दिनों में तो हर रोज मम्मी को उसे जगाना पड़ता था। बिस्तर से उतरकर अदिति ने देखा कि उसका भैया क्षितिज, उससे पहले ही जाग चुका था। वह ब्रश कर रहा था। अदिति और क्षितिज जुड़वां भाई-बहन हैं। क्षितिज को देखते ही अदिति बोली, 'भैया, आज तो राखी वाला दिन आ गया है। अब तो अपना सरप्राइज बता दो।'

'अभी नहीं, बाद में बताऊंगा, और तुमने कब बताया अपना सरप्राइज?' क्षितिज अपनी आंखों की पुतलियां नचाते हुए बोला।

'मैं भी बाद में बताऊंगी।' अदिति यह कहकर हंस दी। 'ठीक है।' क्षितिज ने कहा और फिर नहाने चला गया। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से अदिति और क्षितिज एक-दूसरे से कह रहे थे कि राखी वाले दिन एक सरप्राइज देंगे। थोड़ी देर बाद तैयार होकर अदिति, क्षितिज को राखी बांधने के लिए थाली सजाकर लाई। फिर कुर्सी पर बैठे क्षितिज के सामने डाइनिंग टेबल पर थाली रख दी। तभी मम्मी-पापा भी वहां आ गए।

अदिति जब क्षितिज को राखी बांधने लगी तो उसने बताया कि जो राखी वह बांधने जा रही है, वह उसने अपने हाथों से बनाई है। यह जानकर क्षितिज को आश्चर्य हुआ। वह बोला, 'अपने हाथों से...! अपने आप कैसे बना ली इतनी सुंदर राखी तुमने? यह तो बाजार में मिलने वाली राखी जैसी ही लग रही है।'

'इस राखी को मैंने बड़ी मेहनत से बनाया है। इसे बनाने के तरीके के बारे में टीचर जी से भी पूछा और मम्मी की मदद भी ली।' अदिति ने बताया।

अदिति ने राखी बांध दी तो क्षितिज ने पास ही रखी कपड़े से ढंकी किसी चीज पर से कपड़ा हटाया। एक रंग-बिरंगी गुल्लक अदिति की ओर बढ़ाते हुए वह बड़े स्नेह से बोला, 'यह मेरी तरफ से राखी का उपहार है।'

'अरे वाह, इतनी सुंदर गुल्लक!' गुल्लक को देखते ही अदिति बहुत खुश हो गई। 'इसे खुद बनाया है मैंने।' क्षितिज ने बताया। 'क्या, इसे खुद बनाया है तुमने, भैया?' अदिति ने अचरज से पूछा। 'हां, मैंने खुद बनाई है यह, राखी पर तुम्हें देने के लिए।' क्षितिज ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया।

'लेकिन इसे तुमने बनाया कैसे?' अदिति ने सवाल किया। 'कार्ड बोर्ड, गोंद, सेलो टेप और रंगीन कागजों से बनाई है यह गुल्लक। इसे बनाने के लिए मैंने भी अपने स्कूल के टीचर जी की मदद ली और पापा से भी पूछा।' क्षितिज ने बताया। अदिति गुल्लक को हाथों में लेकर बोली, 'तुम्हारी बनाई गुल्लक मुझे बहुत पसंद आई।'

'तुमने भी तो बहुत सुंदर राखी बनाई है! कितनी प्यारी लग रही है! मैं इसे हमेशा संभालकर रखूंगा।' क्षितिज ने कलाई पर बंधी राखी पर बड़े प्यार से हाथ फेरते हुए कहा। अदिति बोली, 'भैया, तुम्हारी गुल्लक भी बहुत सुंदर बनी है। मैं भी इसे हमेशा संभालकर रखूंगी।'

तभी पापा क्षितिज से बोले, 'लेकिन राखी के त्योहार पर क्या तुम अपनी बहन को खाली गुल्लक ही दे रहे हो?'

'नहीं पापा, इसमें मैंने अपनी पॉकेट मनी से बचाकर रखे कुछ रुपए भी डाल दिए हैं।' क्षितिज बोला। 'कितने रुपए डाले हैं गुल्लक में?' मम्मी ने पूछा।

'मम्मी, यह भी सरप्राइज है।' क्षितिज ने हंसते हुए जवाब दिया।

'अच्छा तो तुम दोनों के सरप्राइज के बाद अब मेरी ओर से भी एक सरप्राइज है।' मम्मी ने मुस्कुराते हुए कहा तो सब उनकी ओर देखने लगे। 'आज मैंने तुम सबकी फेवरेट किशमिश वाली खीर बनाई है और साथ ही गरमा-गरम प्याज की कचौरियां भी।' मम्मी ने हंसते हुए बताया। 'वाह, मुंह में पानी भर आया है मम्मी!' क्षितिज खुशी से चहकते हुए बोला।

'आज तो बहुत मजा आएगा नाश्ते का।' खुशी से उछलते हुए अदिति भी बोली।

तभी पापा बोले, 'एक सरप्राइज मेरी तरफ से भी है..।' 'क्या सरप्राइज, पापा?' अदिति ने पूछा। क्षितिज भी उत्सुकता से पापा की तरफ देखने लगा। 'थोड़ी देर पहले तुम्हारी बुआ जी का फोन आया था। मुझे राखी बांधने के लिए उन्हें दिल्ली आना था, लेकिन आज सुबह उनके पैर में मोच आ गई है। इसलिए यहां आने का अपना प्रोग्राम उन्हें कैंसिल करना पड़ा है। अब हम सभी नाश्ता करके थोड़ी देर बाद आगरा चलेंगे, तुम्हारी बुआ जी के यहां जाने के लिए। कल इतवार की छुट्टी है। आज रात हम तुम्हारी बुआ जी के यहां रुक जाएंगे, कल वापस दिल्ली आने से पहले आगरा में ताजमहल, आगरा का किला, सिकंदरा वगैरह देख लेंगे।'

'अरे वाह पापा, तब तो खूब मजा आएगा!' क्षितिज ने कहा। 'यह तो दो दिन लंबी पिकनिक हो जाएगी।' अदिति भी खुशी से ताली बजाने लगी।

'इस बार की राखी बहुत मजेदार है।' क्षितिज बोला।

'सरप्राइज वाली राखी।' अदिति ने कहा तो बाकी सब हंसने लगे। *

कविता
डॉ. फहीम अहमद



## नेह बंधन

बहना करती है भाई का
प्यार भरा अभिनंदन।
रंग-बिरंगे लाई धागे,
बहना यही दुआएं मांगे,
भाई रहे सदा ही आगे।
नेह भरा बंधन है पावन,
प्यारा रक्षाबंधन।
सूरज जैसा दमके भाई,
चंदा जैसा चमके भाई,
नाम कमाए जग में भाई।
यश फैले जग में भाई का,
जैसे महके चंदन।
फूलों भरी सदा हो राहें।
भाई को सब लोग सराहें,
पाएं हर मंजिल जो चाहें।
फूलों सा जीवन हो उनका
है प्रभु से यह वंदन।
जगमग हो भाई का आंगन,
भरा रहे खुशियों से दामन,
बना रहे यह बंधन पावन।
रिश्तों में महसूस करें नित,
नेह भरा स्पंदन।।

## रंग भरो-181

**रंग भरो**-181 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





प्रगति, बिलासपुर



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



आशना, जांजगीर



पूर्वी, बिलासपुर



आन्या, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सार्थक-रायपुर, वेदिका-बालोद, कनिका-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, प्रिया-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, राशि-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, डिंपल-करनाल, साकेत-बिलासपुर, कोमल-कोरबा



मानस, राजनांदगांव

## रंग भरो 182

बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में पिंकी अपने भाई राजू को राखी बांध रही है। तुम इस प्यारे-से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### चोरी की बाइक पर घूम रहा युवक दबोचा

**चोपटा।** पुलिस ने गश्त के दौरान फर्जी नंबर प्लेट लगी चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। नाथूसरी चोपटा थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान प्रहलाद के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम माखोसरानी से दड़बा रोड पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक युवक बिना हेलमेट के संदिग्ध हालात में मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया।

### नशे के ओवरडोज से मौत के मामले में आरोपी काबू

**ओढां।** गांव जगमालवाली में नशे के अधिक सेवन से एक युवक की हुई मौत मामले में कालांवाली पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान जगपाल सिंह उर्फ बैली निवासी गांव जगमालवाली के रूप में है। गौरतलब है कि बीती 26 मई को गांव जगमालवाली में गांव की फिरनी पर कर्म सिंह उर्फ काला निवासी गांव जगमालवाली बेसुध हालत में मिला था। जिसके बाद परिजन उसे अस्पताल लेकर गए।

### एक शाम कन्हैया के नाम कार्यक्रम 14 को

**सिरसा।** हुडा सेक्टर-20 स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर के सामने पार्क में आगामी 14 अगस्त को जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में श्री लक्ष्मीनारायण संकीर्तन महिला मंडल की टीम की ओर से एक शाम कन्हैया के नाम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।
मंडल की अध्यक्ष सुमन वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि समाजसेवी मनीष सिंगला, जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में समाजसेविका पिंकी देओल शिरकत करेंगी।

### प्राथमिक सहायता और सीपीआर का दिया प्रशिक्षण

**सिरसा।** रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा स्थानीय रोडवेज कार्यशाला में चालकों -परिचालकों, ऑटो चालक तथा सरकारी एवं निजी विद्यालयों में बेसिक प्राथमिक सहायता व सीपीआर का प्रशिक्षण दिया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर ने बताया कि 'रोड रूल्ज लाइफ टूल्ज' के तहत संस्था के सहायक सचिव गुरमीत सिंह सैनी तथा प्राथमिक सहायता प्रवक्ता गुरचरण सिंह द्वारा बेसिक प्राथमिक सहायता व सीपीआर पर विस्तृत जानकारी दी गई।

### टोहाना में कार का शीशा तोड़कर बैग चुराया

**टोहाना।** शहर के बाईपास रोड पर मिर्ची होटल के पास एक खाली प्लॉट में खड़ी कार से दो अज्ञात बाइक सवारों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने कार का शीशा तोडक़र अंदर रखा बैग चुरा लिया। बैग में पांच हजार रुपए की नकदी और कई जरूरी कागजात थे। इस चोरी की पूरी घटना नजदीकी सीसीटीवी में कैद हो गई है। पीड़ित प्रदीप ने पुलिस को शिकायत दर्ज करा दी है। प्रदीप के अनुसार, वह रोजाना की तरह अपनी फैक्ट्री आया था और अपनी गाड़ी को प्लॉट में खड़ा कर दिया था।

## बीजेपी जिला कार्यालय में पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस एवं हर घर तिरंगा अभियान को लेकर की चर्चा

- 14 को फरीदाबाद के दशहरा ग्राउंड में आयोजित होगा विभाजन विभीषिका दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


फतेहाबाद। बैठक में भाग लेते बीजेपी नेता। फोटो : हरिभूमि

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर भूना रोड स्थित बीजेपी जिला कार्यालय में पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें मुख्य तौर पर भाजपा के प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य ने शिरकत की। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने की। बैठक के दौरान 14 अगस्त को फरीदाबाद में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस समारोह की तैयारियों पर चर्चा की गई तथा कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां भी लगाई गई।
जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा व जिला प्रभारी सुरेन्द्र आर्य ने कहा कि देश विभाजन के समय जो भयावह विभीषिका हुई। उस काल को याद करते हुए भाजपा सरकार द्वारा हर वर्ष 14 अगस्त को स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी कड़ी में इस बार भी राज्य स्तरीय विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस समारोह फरीदाबाद के दशहरा ग्राउंड में आयोजित होगा। इसमें मुख्यातिथि के रूप में केन्द्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पंचनद स्मारक ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर धर्मदेव महाराज शिरकत करेंगे। इस समारोह के माध्यम से 1947 भारत-पाक बंटवारे के दर्दनाक लम्हों को स्मरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस समारोह में प्रदेश भर से लाखों की संख्या में लोग पहुंचेंगे। वहीं फतेहाबाद जिले से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व आमजन फरीदाबाद जाएंगे। लोगों में इस समारोह को लेकर खूब उत्साह है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी भाजपा द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। जिसमें तहत सभी कार्यकर्ता व आम नागरिक अपने अपने घरों, दुकानों व प्रतिष्ठानों पर राष्ट्र ध्वज तिरंगा लगाएंगे। जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने कार्यकर्ताओं ने आह्वान किया कि सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखते हुए अपनी अपनी ड्यूटियों को पूरी निष्ठा से निभाएं तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दें।

**बैठक में ये रहे मौजूद**
बैठक में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम के जिला संयोजक दर्शन नागपाल, रतिया विधानसभा संयोजक नरेश तनेजा टीटू, फतेहाबाद विधानसभा संयोजक राधाकृष्ण नारंग, टोहाना विधानसभा संयोजनक रविन्द्र मैहता, बीजेपी नेता अशोक जाखड़, जगदीश शर्मा, संजय रेवड़ी, इंद्र गांवड़ी, सविता टुटेजा, लखमी शर्मा, पूनम सिंगला, जिला परिषद चेयरमैन सुमन खीचड़, गुलशन हंस, विकास शर्मा, रामचंद्र रेहलन, कंवल चौधरी, नरेश टीटू तनेजा, रमेश गिलहोत्रा पार्षद, विज्ञान सागर बाघला, अनिल सिहाग, नवीश सचदेवा, अरुण सेठी, राममेहर धारसूल, विक्रम शर्मा, धर्मपाल शर्मा, सुभाष चन्दोरा, राम अवतार, हंसराज सचदेवा, रमन सरोहा, दीपक मिश्रा, गुरसेव आदि मौजूद रहे।

### हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य भारत के लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना : प्रो. विजय

**फतेहाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम मनोहर मैमोरियल कॉलेज में विभिन्न चरणों में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसकी शुरूआत आज कॉलेज परिसर में भव्य तिरंगा यात्रा के साथ की गई। तिरंगा यात्रा को लेकर एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवकों के अलावा अन्य विद्यार्थियों में काफी उत्साह नजर आया और प्रत्येक विद्यार्थी देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। हाथों में तिरंगा थामे विद्यार्थियों द्वारा 'वंदे मातरम, भारत माता की जय' जैसे नारों से कॉलेज परिसर गुंजायमान हो गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने तिरंगा यात्रा को रवाना किया। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी गर्ल्ज इंचार्ज कैप्टन रजनी वर्मा, एनसीसी ब्यॉयज से लैफ्टिनेंट विनोद कुमार, एनएसएस गर्ल्ज डॉ. प्रतिभा मखीजा व एनएसएस ब्यॉयज इंचार्ज डॉ. विकेश सेठी ने किया। 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरूआत पर जिला उपायुक्त मनदीप कौर, सीडीएलयू सिरसा के नए वीसी डॉ. विजय कुमार ने कॉलेज प्रशासन को बधाई दी।
सीडीएलयू वीसी डॉ. विजय कुमार ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2022 में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत की थी। इसका उद्देश्य लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना से जोडना है। उन्होंने कहा कि तिरंगा भारत के लोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। भारत का राष्ट्रीय ध्वज शांति, प्रेम और सद्भाव को दर्शाता है। भारत को स्वतंत्रता दिलाने की प्रक्रिया में कई स्वतंत्रता सेनानी मारे गए। यह उनके विशाल बलिदान का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा कि सीडीएलयू से जुड़े संस्थानों में हर घर तिरंगा अभियान धूमधाम से मनाया जाएगा जिसकी शुरूआत फतेहाबाद के एमएम कॉलेज से हुई है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने बताया कि 15 अगस्त तक कॉलेज में प्रतिदिन 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विद्यार्थियों को संविधान के बारे में जानकारी दी जाएगी।


फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकालते विद्यार्थी।

## न्यूज डायरी

### बलियावाला-रत्ताथेह में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**फतेहाबाद।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांव बलियावाला और जाखल के गांव रत्ताथेह में विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। बलियावाला में कार्यक्रम सुपरवाइजर करमजीत कौर व रत्ताथेह में सुपरवाइजर मनीषा रानी के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें गांव की महिलाओं को स्तनपान की महत्ता, इसके लाभ और इससे जुड़े स्वास्थ्य व पर्यावरणीय पहलुओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। सुपरवाइजर करमजीत कौर ने बताया कि हर साल अगस्त माह का पहला सप्ताह, 1 से 7 अगस्त तक, विश्व स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया जाता है।

### दुकान में चोरी के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** दुकान में चोरी करने और चाकू दिखाकर धमकाने के मामले में टोहाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान प्रदीप पुत्र बलराज एवं नायब सिंह पुत्र रामफल निवासी गांव धारसूल खुर्द के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। आपराधिक रिकॉर्ड की जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं। आरोपी प्रदीप पर विभिन्न थानों में 14 मुकदमे, जबकि नायब सिंह पर एक मुकदमा पूर्व से दर्ज है। थाना सदर टोहाना प्रभारी उप-निरीक्षक शादी राम ने बताया कि शिकायतकर्ता लवप्रीत सिंह पुत्र बुटा सिंह निवासी भोडिया खेड़ा ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 3 अगस्त को वह दुकान बंद कर पास ही स्थित वाटर वार्क्स से पानी लेने गया था। लगभग 5-7 मिनट बाद लौटने पर उसने देखा कि दो युवक मोटरसाइकिल पर उसकी दुकान के बाहर खड़े थे, और एक युवक शीशे का लॉक खोलकर भीतर से उसका पर्स व गल्ले में रखी नकदी चोरी कर चुका था।

### रक्षासूत्र भगवान शनिदेव को करें समर्पितः भार्गव

**सिरसा।** प्राचीन श्री शनिधाम मंदिर के पुजारी आनंद भार्गव ने बताया कि रक्षाबंधन पर भगवान शनिदेव को राखी अर्पित करना शुभकारी रहेगा। इस बार खास संयोग है कि अगस्त महीने में आने वाले बड़े त्यौहार शनिवार को हैं। भाई बहन के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व, भगवान श्री कृष्ण के प्रकटोत्सव जन्माष्टमी के अलावा इस बार शनैश्चरी अमावस्या भी है और सभी शनिवार को हैं। रक्षाबंधन का त्यौहार 9 अगस्त शनिवार को है तो उसके पश्चात 16 अगस्त को जन्माष्टमी है। 23 अगस्त को भगवान शनिदेव की पूजा में विशेष महत्व रखने वाली शनैश्चरी अमावस्या है। उन्होंने कहा कि इस बार रक्षाबंधन पर्व शनिवार को होने के कारण इसका विशेष महत्व हो गया है। रक्षाबंधन के दिन बहनें एक रक्षासूत्र भगवान शनिदेव को समर्पित करें। उन्होंने बताया कि 23 अगस्त को शनैश्चरी अमावस्या है। जीवों के उनके कर्मों के अनुसार शुभ अशुभ फल देने वाले भगवान शनिदेव पूजा में विशेष महत्व रखने वाली शनैश्चरी अमावस्या पर शनि कृपा बरसेगी।

### लापरवाही से कार चलाने वाला चालक गिरफ्तार

**सिरसा।** जिला के गांव नेजिया खेड़ा के समीप भादरा रोड पर बाइक सवार व्यक्ति की मौत मामले में पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। बीती बुधवार शाम को हुए इस हादसे में बाइक सवार कालासिंह की मौत हो गई थी, जबकि जगराज सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। नाथूसरी चोपटा थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि दारा सिंह, भगवान सिंह, जगराज सिंह और काला सिंह निवासी रामां थाना बंधनी जिला मोगा पंजाब, बाइकों पर सवार होकर तारानगर राजस्थान की ओर जा रहे थे। गांव नेजिया खेड़ा से आगे भादरा रोड पर पहुंचे तो अचानक एक कार ने पीछे से आकर दूसरी बाइक को टक्कर मार दी, जिस पर जगराज सिंह और काला सिंह सवार थे। हादसे में काला सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जगराज सिंह को गंभीर चोटें आईं, जिसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दारा सिहं के बयान पर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गैर पंजीकृत प्राइवेट दो प्ले स्कूलों को नोटिस

**भूना।** ब्लॉक भूना में अब निजी प्राइवेट प्ले वे स्कूल बिना पंजीकरण संचालित नहीं किए जा सकेंगे। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी स्नेहलता की टीम ने विभिन्न 29 गांवों में निरीक्षण किया। भूना ब्लॉक में संचालित गैर पंजीकृत प्ले स्कूलों पर सख्त कदम उठाने के लिए दो स्कूल संचालकों को नोटिस देकर तलब किया है। निरीक्षण के दौरान सुपरवाइजर पंकज शर्मा, सुपरवाइजर मंगलेश नेहरा,सुपरवाइजर मोनिका, सुपरवाइजर सपना व राजेश्वरी तथा स्वीटी भी टीम में शामिल रही। सीडीपीओ ने स्पष्ट किया है कि बच्चों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जिन स्कूलों ने अब तक पंजीकरण नहीं करवाया है, उन पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी स्नेह लता ने बताया कि विभाग द्वारा पहले भी कई बार चेतावनी दी जा चुकी है, लेकिन अब अनदेखी करने वाले स्कूलों पर सख्ती से कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी प्राइवेट प्ले स्कूल हरियाणा सरकार के सरल पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।

### वेतन की मांग को सफाईकर्मियों ने किया प्रदर्शन

**सिरसा।** नगर परिषद सिरसा में सफाई कर्मचारियों ने पूरा वेतन दिए जाने की मांग को लेकर कार्यालय में रोष प्रदर्शन किया और नगरपरिषद प्रधान वीर शांति स्वरूप को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कर्मचारियों ने बताया कि स्थानीय निकाय विभाग की ओर से सफाई कर्मचारियों की हाजिरी पोर्टल पर लगानी शुरू कर दी है। पोर्टल पर कर्मचारियों की हाजिरी 14 दिन लगी और उससे पहले उनकी हाजिरी रजिस्टर पर लग रही थी लेकिन उनका वेतन पोर्टल पर लगाई गई हाजिरी के अनुसार ही बना। क म वेतन दिए जाने पर सफाई कर्मचारियों ने आज परिषद कार्यालय में हंगामा किया। उनकी मांग थी उन्हें पूरे माह का वेतन दिया जाए। नगर परिषद के प्रधान वीर शांति स्वरूप ने कहा कि पूरे प्रदेश में सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति पोर्टल पर शुरू कर दी गई है। पोर्टल के अनुसार कर्मचारियों का वेतन बना है, इससे पहले रजिस्टर में हाजिरी लगी थी, उस दौरान का वेतन अप्रुवल के लिए भेज गया है, अप्रुवल मिलने पर वेतन जारी किया जाएगा और यह स्थिति पूरे प्रदेश की है। सभी का आधा वेतन रूका हुआ है।

# एसडीएम ने किया अटल किसान मजदूर कैंटीन का औचक निरीक्षण

- महिलाओं ने भोजन और साफ-सफाई के बारे विस्तार से जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया


रतिया। अटल किसान-मजदूर कैंटीन का निरीक्षण करते एसडीएम।

एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने अनाज मंडी किसान रेस्ट हॉउस में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा खोली गई अटल किसान-मजदूर कैंटीन का औचक निरीक्षण किया और वहां पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से उनके द्वारा तैयार किये जा रहे भोजन एवं साफ-सफाई के बारे विस्तार से जानकारी ली। कैंटीन में काम करने वाली महिलाओं से बातचीत की।
एसडीएम ने बताया कि कैंटीन का संचालन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। मार्केट कमेटी के सहयोग से अनाज मंडी में आने वाले किसान, मजदूर व अन्य लोगों को मात्र 10 रुपये प्रति थाली के हिसाब से शुद्ध एवं ताजा भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कैंटीन में खाना बनाने वाली महिलाओं से कहा कि वे खाना बनाते समय साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और लोगों को ताजा खाना ही परोसें। इस मौके पर मार्केट कमेटी के सचिव राजकुमार ने बताया कि कैंटीन सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक खुली रहती है। कैंटीन में कोई भी नागरिक आकर भोजन ग्रहण कर सकता है।

## रक्षा का वचन सिर्फ एक रस्म नहीं जिम्मेदारी का अहसास भी : एसपी


फतेहाबाद। एसपी व एएसपी को राखी बांधने पहुंचे जिंदगी संस्था से जुड़ी बेटियां।

**फतेहाबाद।** रक्षा बंधन के पावन अवसर पर जिन्दगी संस्था की महिला टीम से जुड़ी प्रतिभावान बेटियां जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन से लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में रूबरू हुई। इस दौरान बेटियों ने एसपी जैन को तिलक कर राखी बांधी और उन्हें जिले की बहनों का सबसे बड़ा ऑफिसर भाई घोषित किया। इस भावुक और प्रेरणादायक अवसर पर संस्था की से जुड़ी बेटियां में स्वच्छ भारत मिशन ब्रांड एम्बेसडर दीक्षा सचदेवा, स्टेट अवॉर्डी श्रुति मोंगा, साक्षी कालरा, पल्लवी शर्मा, कनिका नारंग आदि ने कहा कि भले ही एसपी सिद्धांत जैन को फतेहाबाद में कार्यभार संभाले अभी अधिक समय नहीं हुआ, लेकिन उन्होंने जिस गंभीरता और संवेदनशीलता से जिले में नशे के खिलाफ मोर्चा खोला है, वह काबिले तारीफ है। उनकी कार्रवाई ने अनगिनत परिवारों को संवरने का मौका दिया है, और पुलिस प्रशासन से बहनों को अपने भाइयों के सुरक्षित जीवन की सौगात मिली है। इस मौके पर एसपी सिद्धांत जैन ने कहा रक्षा बंधन केवल धागा नहीं, एक रिश्ता है जिम्मेदारी का। जब कोई बहन हमें राखी बांधती है, तो वो हमसे भरोसे की उम्मीद भी बांधती है। फतेहाबाद की हर बहन और हर युवा सुरक्षित रहे, नशे से मुक्त रहे यही मेरा वचन है। इस मौके पर एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने बेटियों को अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मेहनत करते रहनी चाहिए, बाधाओं से घबराना नहीं चाहिए, बस मेहनत करते हुए अपनी गलतियों से सीख लेकर आगे बढना ही मंजिल तक पहुंचाता है। इस अवसर पर दीपक सरदाना, राधे श्याम जांगड़ा, मुकेश नारंग एमके, मुकेश भद्रेचा, संगीता प्रणामी, ज्योति खुराना, गुलजार खान, संजय सैन, अमरजीत मालवान, अनिल कंबोज सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

### परमीत कौर विज्ञान सेमिनार में प्रथम

**सिरसा।** जिलास्तरीय विज्ञान सेमिनार का आयोजन वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरपुर सिरसा में किया गया। प्रतियोगिता में सातों खंडों में खंड स्तर पर आयोजित विज्ञान सेमिनार में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता विद्यार्थियों ने जिलास्तरीय विज्ञान सेमिनार में भाग लिया। जिलास्तरीय प्रतियोगिता में प्रभात कुमार सरन प्रवक्ता भौतिक विज्ञान, शिप्रा प्रवक्ता रसायन विज्ञान एंव गौरव वर्मा प्रवक्ता भौतिक विज्ञान ने निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बता दें कि इस वर्ष साइंस सेमिनार प्रतियोगिता का मु य विषय हैः क्वांटम युग का आगाजः- स भावनाएं एवं चुनौतियां था। आरोही मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय झिड़ी की छात्रा परमीत कौर प्रथम, द विजडम स्कूल सिरसा का छात्र सिदक सन्धा दूसरे व विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बणी की छात्रा ज्योतिका एवं नव प्रगति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्रा तान्या तीसरे स्थान पर रहे।

### स्वास्थ्य शिविर का उठाया लाभ

**सिरसा।** हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज सिरसा के तत्वावधान में निशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप संजीवनी अस्पतालमें लगाया गया, जिसमें पेंशनर समाज के साथियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज सिरसा के अध्यक्ष राजेंद्र मोहन गुप्ता व राज्य उप प्रधान गुरदीप सैनी ने बताया कि शिविर में 141 साथियों ने भाग लिया, जिन्होंने अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, बीपी, शुगर, ईसीजी, बीएमडी, हड्डियों की जांच करवाई। इस कैंप में शिक्षा विभाग के अलावा बिजली, एग्रीकल्चर, बैंक, पब्लिक हेल्थ सहित कर्मचारियों ने निशुल्क जांच का लाभ उठाया। डॉ. अंजनी कुमार, प्रदीप कुमार बूरा, सीईओ नमन जैन को पेंशनर समाज की तरफ से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### 'हर घर तिंरगा अभियान' के तहत गतिविधियां शुरु

**सिरसा।** नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में स्पोट्र्स क्लब एवं नैशनल एंड इंटरनेशनल डे सेलीब्रेशन क्लब की ओर से जिला स्तर पर चलाए गए 'हर घर तिंरगा अभियान' के तहत निर्धारित विभिन्न गतिविधियों का 7 अगस्त को शुभारंभ किया गया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने बताया कि हर घर तिंरगा अभियान सभी देशवासियों के मन में राष्ट्रीय भावना को जगाने का सशक्त माध्यम है जिसका मुख्य उद्देश्य सभी को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति समर्पित व जागरूक करना है। भारत सरकार द्वारा निर्देशित यह अभियान तीन चरणों में विभिन्न गतिविधियों द्वारा संपन्न करवाया जाना है।

### प्रेरित कंबोज ने ताईक्वांडो में जीता रजत, नेशनल के लिए चयनित

**सिरसा।** सोनीपत के खरखोदा में बीती 30 जुलाई से 3 अगस्त तक आयोजित सीबीएसई नॉर्थ जोन ताईक्वांडो चैंपियनशिप में द सिरसा स्कूल के प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रेरित कंबोज ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक पर कब्जा करते हुए नेशनल के लिए क्वालीफाई करते हुए स्कूल व जिले का नाम रोशन किया। स्कूल प्रिंसीपल मनीषा गोदारा ने प्रेरित कंबोज व प्रशिक्षक को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई व भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। गोदारा ने कहा कि द सिरसा स्कूल प्रबंधन का प्रयास है कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी पारंगत बनाया जाए।

### 13 सिपाहियों को प्रधान सिपाही किया पदोन्नत



**सिरसा।** पुलिस अधीक्षक डॉ. मयंक गुप्ता ने 13 सिपाहियों को प्रधान सिपाही के पद पर पदोन्नत किया गया। उन्होंने कहा कि यह पदोन्नति न केवल उनके उत्कृष्ट कार्य का परिणाम है, बल्कि अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणा है। पदोन्नत कर्मचारियों को अब और अधिक जिम्मेदारियों के साथ कार्यभार संभालना होगा, जिससे पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक प्रभावी व मजबूत बनाया जा सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने सभी पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई दी और उम्मीद जताई कि वे अपने कर्तव्यों का पालन पहले से अधिक समर्पण, ईमानदारी और लगन से करेंगे। पदोन्नत प्रधान सिपाही अजय कुमार, वीरेंद्र, सुनील कुमार, राजेश कुमार, लखविंद्र सिंह, राजेंद्र कुमार, जितेंद्र सिंह, रवि दास, अमित कुमार आदि को पदोन्नत किया गया है।

# राखी बनाओ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

प्रतियोगिता में कक्षा पांचवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


सिरसा। छात्राएं तैयार की गई राखियां दिखाते हुए। फोटो : हरिभूमि

संगम स्कूल भरोखां में भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व पर वीरवार को राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा पांचवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपनी कलाएं कल्पना और संस्कारों का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए हाथों से सुंदर-सुंदर राखियां बनाई। रंग-बिरंगी, पारंपरिक, पर्यावरण अनुकूल और आकर्षक राखियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।लड़कियां के वरिष्ठ वर्ग में काव्या ने प्रथम और प्रलाक्षा ने द्वितीय तथा कनिष्ठ वर्ग में रीत ने प्रथम एवं रीतिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार लडक़ों के वरिष्ठ वर्ग में गुरनूर सिंह ने प्रथम और हर्ष तथा दुष्यंत ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा कनिष्ठ वर्ग में सुख सागर ने प्रथम एवं समर तथा अक्षित ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुख्याध्यापक छगन सेठी ने बताया कि आज से ठीक आठ वर्ष पूर्व हमनें एक सामूहिक संकल्प लिया था कि हम चीन निर्मित राखियों का बहिष्कार करेंगे। तब से लेकर आज तक संगम स्कूल के सभी विद्यार्थी केवल स्वदेशी और स्वनिर्मित राखियों का ही उपयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी विद्यार्थियों ने राखियां स्वयं बनाई हैं या अपनी बहनों द्वारा बनाई गई राखियां ही बंधवाएंगे। यह पहल आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। इस प्रतियोगिता की सफलता में विद्यालय की अध्यापिकाओं, संजू, मंजू, अनामिका, ममता, पूनम और भारती का विशेष योगदान रहा।

**बैठक** पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की बैठक, सरकार की नीतियों का विरोध

# कर्मियों की मांगों को सुलझाने की बजाय उलझाने में ज्यादा विश्वास रखते हैं अधिकारी : धर्मपाल

- कर्मचारी मांगों को लेकर दो बार मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


फतेहाबाद। पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन की बैठक में भाग लेते कर्मचारी।

सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों को लेकर हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन सम्बंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच की ब्रांच फतेहाबाद की मीटिंग आज दूसरे दिन भी भट्टू रोड स्थित मेन जलघर प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान धर्मपाल दरियापुर ने की तथा संचालन ब्रांच सचिव राणा पंवार ने किया। मीटिंग को संबोधित करते हुए प्रांतीय प्रधान कुलवंत शर्मा व प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मपाल दरियापुर ने कहा कि हरियाणा सरकार कर्मचारियों का जमकर शोषण कर रही है। सरकार के अधिकारी कर्मचारियों को दी हुई सुविधाओं को लागू करने में आनाकानी कर रहे हैं। कर्मचारी यूनियन बातचीत के द्वारा मांगों का समाधान करवाना चाहती है लेकिन सरकार कर्मचारियों की मांगों के प्रति गंभीर नहीं है और बातचीत तक नहीं करना चाहती। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर दो बार मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर चुके हैं।
मुख्यमंत्री आवास के कार्यालय सचिव ने संगठन को बातचीत का समय भी दिलवाया परंतु बातचीत नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सरकार समय रहते संगठन को बातचीत का समय देकर कर्मचारियों की मांगों को पूर करें अन्यथा 29 अगस्त को जींद में प्रदेश कमेटी की बैठक में सरकार के खिलाफ आंदोलन का बिगुल बजाया जाएगा। प्रदेश उपप्रधान जगदीश दबड़ा, प्रदेश संगठन सचिव प्रेमचंद शर्मा ने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग के प्रमुख अभियंता कर्मचारियों की मांगों को सुलझाने की बजाय उलझाने में ज्यादा विश्वास रखते हैं। क्लास 3 की पोस्टों के वितरण में 2 वर्ष से ज्यादा समय बीत चुका है। हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को जॉब सुरक्षा देने में भी आनाकानी की जा रही है, जिसे यूनियन किसी सूरत में बर्दाशत नहीं करेगी। बैठक में हितेष, कृष्ण, अजमेर, संजीव, सुनील, राधेश्याम, संजय, रवि, ईश्वर बागड़ी, सीताराम, दलबीर, रोहताश सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### रोलर स्केटिंग में रोनित व प्रियांशु ने जीता गोल्ड मेडल

**सिरसा।** चंडीगढ़ में आयोजित 7वीं ऑल इंडिया रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप-2025 में सिरसा के यूमी फिटनेस क्लब के होनहारों ने शानदार प्रदर्शन किया। क्लब की हैड रवीना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सिरसा से प्रतिभागिता करने वाले रोनित ने गोल्ड, प्रियांशु ने गोल्ड, उनाज ने सिल्वर, पुनीत ने सिल्वर, हरजोत ने सिल्वर, परी ने ब्रॉज, हिम्मत ने सिल्वर, बादशाह ने सिल्वर, सृजन ने सिल्वर, जसमीत ने सिल्वर, पुनित ने सिल्वर, अयान ने सिल्वर, जयकृष्ण ने भी सिल्वर पदक प्राप्त कर यूमी फिटनेस क्लब व जिले का नाम रोशन किया।

### हरियाणा सिविल पेंशनर्ज की मासिक बैठक रद

**फतेहाबाद।** हरियाणा सिविल पेंशनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन फतेहाबाद की 9 अगस्त शनिवार को होने वाली मासिक बैठक रक्षा बंधन के त्यौहार के चलते रद्द कर दी गई है। यह जानकारी देते हुए प्रधान हरबंस लाल सेठी व सचिव मदन गोपाल नारंग ने बताया कि भाई-बहन के पवित्र त्यौहार रक्षा बंधन को देखते हुए अगस्त माह में होने वाली मासिक बैठक रद्द कर दी गई है। उन्होंने सभी सिविल पैंशनर्ज से अपील की कि वे रक्षा बंधन का त्यौहार धूमधाम से मनाएं।

### सेमिनार में नशे के खिलाफ किया जागरूक

**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा नशा मुक्ति के लिए निरंतर जागरूकता व पुनर्वास प्रयास जारी हैं। इसी क्रम में एसआई सुंदर के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम ने गांव नकटा, शहीदा वाली व रताखेड़ा में प्रभावी अभियान चलाया। गांव नकटा में एक नव-चिन्हित ड्रग पीड़ित की पहचान कर उसे आवश्यक परामर्श के बाद दवा उपलब्ध कराई गई, वहीं, गांव शहीदांवाली के 8 पूर्व चिन्हित और रताखेड़ा के 14 पूर्व चिन्हित नशा पीड़ितों की काउंसलिंग की गई और उन्हें आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक दवाएं प्रदान की गई। साथ ही इन सभी का डोजियर फार्म भरकर रिकॉर्ड संधारित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत रेड क्रॉस की ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे युवाओं के लिए एक सेमिनार का भी आयोजन किया गया।

### बैट्री चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिले में चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने बैटरी चोरी के मामले में एक आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से चोरीशुदा बैटरी बरामद की है। थाना सदर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान अजय कुमार पुत्र रामकिशन निवासी हांसपुर के रूप में हुई है। इस संबंध में शिकायतकर्ता मनप्रीत सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी हांसपुर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2 अगस्त की रात उसके घर से एक बैटरी चोरी हो गई थी। जब उन्होंने अपने स्तर पर पूछताछ की तो उन्हें पता चला कि उक्त बैटरी अजय कुमार ने चुराई है। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया है।

## एससी आयोग के चेयरमैन ने की जनसुनवाई

# फरियादी बोला : 'मेरे बेटे-बहू के कपड़े फाड़ डाले पुलिस ने केस में आरोपी का नाम तक नहीं डाला'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन डॉ. रविंद्र बलियाला के समक्ष गांव भूथन के एक व्यक्ति अपनी व्यथा सुनाते हुए उस समय फफक-फफक कर रो पड़ा, जब उसने कहा कि उसके घर में घुसकर कुछ लोगों ने उसके बेटे व बहू के साथ मारपीट की। बहू के कपड़े फाड़े गए। पुलिस ने इस केस में जो आरोपी हैं, उसका नाम ही नहीं डाला है। उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इस पर कमीशन सदस्य रतन लाल बामनिया ने डीएसपी जगदीश काजला को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। चेयरमैन रविन्द्र बलियाला वीरवार को फतेहाबाद पुलिस लाइन में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में अनुसूचित जाति के लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इसके बाद चेयरमैन ने प्रत्येक शिकायतकर्ता से पुलिस कार्रवाई के प्रति उनकी संतुष्टि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से उन मामलों में जानकारी मांगी जो या तो रद्द किए जा चुके हैं या खारिज कर दिए गए है। कहीं कोई दबाव या अन्याय तो नहीं हुआ। हालांकि इस दौरान एक मामले में चेयरमैन पुलिस कार्यवाही पर निराशा प्रकट की। आयोग द्वारा कुल 54 शिकायतों की सुनवाई की गई। हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन डॉ. रविंद्र बलियाला ने कहा कि अनुसूचित जाति के हर पीड़ित व्यक्ति को निर्धारित समय सीमा के भीतर न्याय दिलाना आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आयोग इस विषय को गंभीरता से लेकर काम कर रहा है तथा हर शिकायत को नियमानुसार सुनवाई के बाद निष्पक्ष रूप से हल किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन ने शिकायतकर्ताओं के साथ-साथ आरोपियों से भी संवाद कर मामलों की वस्तुस्थिति को समझा। उपायुक्त मनदीप कौर ने आयोग के चेयरमैन डॉ. रविंद्र बलियाला को आश्वस्त करते हुए बताया कि जिला प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ लोगों की शिकायतों के समाधान में लगा है। उन्होंने कहा कि अत्याचार निवारण योजना के तहत अनुसूचित जाति के पीड़ितों को समाज कल्याण विभाग द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इस मौके पर वाइस चेयरमैन विजेंद्र बडगुजर, सदस्य रतनलाल बमनिया, मीना नरवाल और पारा राम, पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया व अन्य मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** जनसुनवाई करते अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन।

### आयोग ने दिए कार्रवाई के निर्देश

डॉ. बलियाला ने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मामलों में निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों की सुनवाई में देरी न हो और सहायता राशि प्रदान करने में किसी प्रकार की अड़चन न आए। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील मामलों में पीड़ितों की निजता का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। आयोग के चेयरमैन ने यह भी कहा कि संबंधित विभागों विशेषकर पुलिस और सामाजिक कल्याण विभाग को लंबित मामलों का तुरंत निपटारा करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आयोग की मंशा है कि हर पीड़ित को शीघ्र न्याय मिले और इस कार्य में कोई भी लापरवाही सहन नहीं की

### साध्वी पूषा भारती ने कॉलोनीवासियों को दिया श्रीमद् भागवत कथा का न्योता

**सिरसा।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से आयोजित होने वाली श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के प्रचार के लिए साध्वी पूषा भारती ने आर.एस.डी. कॉलोनी में कथा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। साध्वी पूषा भारती, महिला मंडल की ममता गोयल, रितू बंसल, अमिता गुप्ता, पूजा कालड़ा, रानी सिंगला, सीमा सोनी, बबीता, मोनिका, निशा, मनीषा आदि मातृशक्ति के साथ आरएसडी कॉलोनी पहुंची। साध्वी ने कॉलोनीवासियों को श्रीमद भागवत कथा का निमंत्रण देते हुए बताया कि अनाज मंडी में शेड नंबर एक के नीचे 5 सितंबर से 11 सितंबर अनाज श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह कथा सभी प्रभु भक्तों को धर्म ज्ञान विज्ञान अध्यात्म की ओर लौटने की प्रेरणा देगी। मानव मन को सही दिशा में जाने की ओर प्रेरित करेगी। क्योंकि जब मन की दिशा ठीक होगी तभी हमारे जीवन की दशा ठीक होगी। साध्वी ने बताया श्रीमद्भागवत कथा के अंदर भी सभी भक्तों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि पृथ्वी का संतुलन बना रहे। उन्होंने बताया कि साध्वी कालिंदी भारती कथा करने के लिए पहुंच रही हैं।

### एनसीबी ने विद्यार्थियों को किया नशे के प्रति जागरूक

**सिरसा।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की सिरसा यूनिट ने वीरवार को राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव गिंदड़ा में विशेष नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम किया। कार्यक्रम का शुभारंभ यूनिट इंचार्ज निरीक्षक होशियार सिंह ने किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने नशे को न, शिक्षा को हां विषय पर पोस्टर निर्माण गतिविधि में भाग लिया, जिसमें नशे के विरुद्ध प्रभावशाली संदेशों को रचनात्मकता के साथ प्रस्तुत किया गया। एएसआई सुखदेव सिंह, सिपाही अनिल कुमार एवं स्कूल प्राचार्य रामचंद्र नोखवाल ने नशे के शारीरिक, मानसिक व सामाजिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने और शिक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की। निरीक्षक होशियार सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार नशे के खिलाफ केवल कानूनी कार्रवाई नहीं, बल्कि जन-जागरूकता के माध्यम से सामाजिक आंदोलन चला रही है। उप निरीक्षक चानण राम ने ब्यूरो की प्रमुख पहलों जैसे नमक लोटा अभियान, साइक्लोथॉन मुहिम और बेकैट चैलेंज नशा मुक्त जीवन, नायाब जीवन की जानकारी दी, जो प्रदेश भर में युवाओं को प्रेरित कर रही हैं। कार्यक्रम में हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के राज्य समन्वयक मदन गोपाल, स्कूल स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### नर्सरी से पौधे चोरी करने वाले दो आरोपी किए काबू

**फतेहाबाद।** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुनानकपुरा चौकी पुलिस ने नर्सरी से फलदार पौधे चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को काबू किया है। चौकी प्रभारी पुरुषोत्तम ने बताया कि आरोपियों की पहचान राकेश कुमार उर्फ राजेश पुत्र कालू राम तथा भूरा पुत्र राम सिंह निवासी मसीतावाली ढाणी, फतेहाबाद के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से करीब 30 फलदार पौधे, जिनमें 20 अमरूद और 10 आम के पौधे शामिल हैं, बरामद किए गए हैं। साथ ही चोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। शिकायतकर्ता कुलदीप सिंह पुत्र केहर सिंह निवासी खानपुर ढाणी ने पुलिस को बताया कि उसकी रतिया रोड पर श्री शनि देव जी के नाम से एक नर्सरी है, जहां से कई दिनों से फलदार पौधे चोरी हो रहे थे। 6 अगस्त की रात उन्होंने दो युवकों को चोरी करते रंगे हाथों पकड़ लिया और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए तैयार करें

- प्राकृतिक खेती, फसल विविधिकरण पर ज्यादा काम करने की जरूरत : डॉ. मंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अधीनस्थ कृषि विज्ञान केन्द्र फतेहाबाद द्वारा 27वीं वैज्ञानिक सलाहाकार समिति की बैठक का आयोजन केन्द्र में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता एचएयू के निदेशक, विस्तार शिक्षा डॉ. बलवान सिंह मंडल ने की। बैठक में सलाहाकार समिति के सदस्य, एचएयू से कृषि वैज्ञानिक, विभिन्न विभागों के अधिकारी और प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया और अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। केन्द्र के सब्जी वैज्ञानिक डॉ. ओमप्रकाश काम्बोज ने निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल, विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों व प्रगतिशील किसानों का स्वागत किया। कृषि वैज्ञानिक डॉ. संतोष कुमार सिंह ने 26वीं वैज्ञानिक सलाहाकार समिति की बैठक के दौरान दिए गए सुझावों व इसके क्रियान्वयन की रिपोर्ट प्रस्तुत की। साथ ही आगामी खरीफ और रबी फसल के दौरान किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा भी रखी। उन्होंने मृदा विज्ञान से सम्बंधित कार्यों पर भी प्रकाश डाला। डॉ. ओमप्रकाश ने फल एवं सब्जी उत्पादन से सम्बंधित जानकारी दी व आगामी कार्यों की योजना प्रस्तुत की। पौध रोग विशेषज्ञ डॉ. अन्नु वर्मा ने अपने विषय से सम्बंधित व आगामी कार्ययोजना सदस्यों के सामने रखी। बैठक में निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने मूल्य संवर्धन, जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती, फसल विविधिकरण आदि विषयों पर ज्यादा से ज्यादा कार्य करने का



**फतेहाबाद।** कृषि विज्ञान केन्द्र में वैज्ञानिक सलाहाकार समिति को संबोधित करते निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल। फोटो :हरिभूमि

### अग्रवाल समाज ने एएसपी दिव्यांशी को किया सम्मानित

**फतेहाबाद।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिव्यांशी सिंगला, आईपीएस के फतेहाबाद में कार्यभार संभालने के बाद अग्रवाल समाज के लोगों में खुशी का माहौल है। अग्रवाल समाज फतेहाबाद के प्रतिनिधिमंडल ने आज एएसपी दिव्यांशी सिंगला से मुलाकात की और उन्हें समाज की तरफ से स्मृति चिन्ह भेंट कर और पटका पहनाकर सम्मानित किया। अग्रवाल समाज फतेहाबाद के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के लिए यह गौरव की बात है कि समाज की एक बेटी आईपीएस जैसे उच्च पद पर पहुंचकर लोगों की सेवा कर रही है। अग्रवाल समाज फतेहाबाद के प्रधान मनोज गर्ग बड़ोपलिया ने कहा कि दिव्यांशी सिंगला समाज में उन बेटियों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत हैं जो आगे चलकर देशसेवा करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि फतेहाबाद पुलिस जिले में कानून व्यवस्था बनाने में जहां सराहनीय कार्य कर रही है वहीं पुलिस ने समय-समय पर मानवता का भी परिचय दिया है। अग्रवाल समाज फतेहाबाद जिले में कानून व शांति व्यवस्था बनाने और लोगों में भाईचारे कायम करने के लिए फतेहाबाद पुलिस के सहयोग करते हुए साथ खड़ा रहेगा। एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने समाज द्वारा दिए गए सम्मान के लिए उनका आभार जताया। इस अवसर पर अग्रवाल समाज फतेहाबाद के उपप्रधान देसराज बंसल, वरिष्ठ उपप्रधान प्रयास गर्ग, सहसचिव पिताम्बर सिंगला, कैशियर अमित बंसल, सदस्य अनिल गोयल सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

## साइबर ठगी का आरोपी पकड़ा, झूठी कॉल कर डॉक्टर से ऐंठे थे 10 हजार

- अमृतसर का रहने वाला है आरोपी, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत टोहाना पुलिस को सफलता हाथ लगी है। टीम ने साइबर ठगी के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए युवक की पहचान सिमरजीत सिंह पुत्र मुख्तयार सिंह निवासी फतेह सिंह कॉलोनी, अमृतसर, पंजाब के रूप में हुई है। थाना प्रभारी प्रहलाद ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने मोहम्मद हैदर पुत्र मोहम्मद सलाउद्दीन निवासी वार्ड नं. 26, हुसैनाबाद, कटिहार, बिहार, हाल निवासी नव दुर्गा स्टेट, टोहाना की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह पेशे से डॉक्टर हैं। 8 मई को उन्हें मैसेंजर पर एक कॉल आई, जिसमें एक अज्ञात व्यक्ति ने खुद को पुलिस अधिकारी बताते हुए कहा कि उनके भतीजे को नशीले पदार्थ के साथ पकड़ा गया है। भतीजे को छोड़ने के लिए 1.5 लाख रुपये की मांग की गई और तत्काल 10,000 रुपये एक क्यूआर कोड के माध्यम से भेजने को कहा गया। प्रार्थी ने बताए अनुसार 10 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए, लेकिन जब भतीजे फैयाज खान से संपर्क किया तो पता चला कि ऐसा कोई मामला था ही नहीं।

उन्हें समझ आया कि उनके साथ साइबर ठगी हुई है, जिस पर उन्होंने 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज करवाई थी।

## स्कूल गेम्स में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

स्कूल गेम्स फैडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित गेम्स में डीएवी स्कूल, नागपुर के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है। डिस्कस थ्रो, ट्रिपल जम्प, हैंडबॉल और रिले रेस में स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए बाजी मारी।

स्कूल प्रिंसीपल रंजू मेहता ने बताया कि एसजीएफआई द्वारा ब्लॉक लेवल की खेल प्रतियोगिताएं फतेहाबाद के डीएवी स्कूल व रॉयल स्कूल बहबलपुर में आयोजित की गई थी। इन प्रतियोगिताओं में डीएवी स्कूल नागपुर के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल की कक्षा दसवीं की छात्रा दीपिका ने डिस्कस थ्रो और ट्रिपल जम्प दोनों प्रतिस्पर्धाओं में जहां दूसरा स्थान हासिल किया वहीं 400 मीटर दौड़ में दीपिका थर्ड पॉजिशन पर रही। इसके अलावा रिले रेस 4 गुणा 400 मीटर में विद्यालय की टीम शानदार प्रदर्शन के साथ द्वितीय स्थान रही। इस टीम में 10वीं से कुलविन्द्र व अर्शदीप, नौंवी से अंशप्रीत व आठवीं से हरजीत शामिल रहे। हैंडबॉल प्रतियोगिता अंडर-14 आयु वर्ग में विद्यालय के दो खिलाड़ियों कक्षा आठवीं से खुशदिल और कक्षा छठी से जगदीप तथा अंडर-17 में 10वीं से तीन खिलाड़ियों अर्शदीप, कुलविन्द्र व जशनप्रीत का शानदार प्रदर्शन के आधार पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। खिलाड़ियों के प्रदर्शन से स्कूल में खुशी का माहौल है।



रतिया। एसजीएफआई खेलों में अव्वल रही डीएवी नागपुर की छात्रा दीपिका।

## श्री श्याम बगीची में भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में एकादशी के उपलक्ष्य में विशाल भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन किया गया। श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि मंदिर में भजन संध्या से पूर्व सुबह निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा पटेल बस्ती स्थित खाटू श्याम मंदिर से आरंभ होकर शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए श्याम बगीची धाम में पहुंचकर संपन्न हुई। भजन गायकों ने लहर लहर लहराए रे झंडा बजरंग बली का, आयो सांवरियो सरकार नीले पै चढ़ कै, साचो थारो दरबार आयो थारै द्वार सहित अनेक भजन प्रस्तुत किए। इसके बाद बठिंडा से आए भजन गायक कंवर सिवान ने भजन- साथी हमारा कोन बनेगा तूम ना सुनोगे तो कोन सुनेगा, आएगा आएगा आएगा नीले चढ़ सांवरिया आएगा, तेरा किसने किया श्रृंगार सांवरे सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी। बाद में बठिंडा से ही आए भजन गायक लक्की कन्हैया ने बाबा श्याम के श्रीचरणों में भजनों के माध्यम से अपनी हाजिरी लगाई। उन्होंने भजन- सज है प्यारा दरबार बाबा का, हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं, तू कृपा कर बाबा मैं कीर्तन करवाउंगा, ना गोरे का ना काले का मै लाडला खाटू वाले का, हारा हूं बाबा पर तुत पर भरोसा है जीतंगा इक दिन मेरा दिल ये कहता है सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी। जिनपर श्यामप्रेमियों ने जमकर नृत्य किया। रात को सवा नौ बजे श्री श्याम रसोई का प्रसाद वितरित किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रात को भजन संध्या के समापन पर बाबा की आरती की गई।



**सिरसा।** भजनों की प्रस्तुति देते भजन गायक।

## नशा तस्करों ने भवानी सिंह को दी जान से मारने की धमकी, सुरक्षा की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले में युवाओं को नशे की लत से बाहर निकालने और समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान में सक्रिय महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान भवानी सिंह को नशा तस्करों द्वारा कथित तौर पर जान से मारने की धमकियां दी गई हैं। उन्होंने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को एक शिकायत पत्र सौंपते हुए स्वयं और अपने परिवार के लिए सुरक्षा की मांग की है। शिकायत के अनुसार, ट्रस्ट द्वारा नशा विरोधी मुहिम के तहत एम.एम. कॉलेज फतेहाबाद के पास एक अवैध रूप से चल रहे खोखे में चल रहे संदिग्ध गतिविधियों का विरोध किया गया। नगर परिषद व पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में ट्रस्ट सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों की सहमति से उक्त खोखे को हटाकर कब्जे में ले लिया गया। भवानी सिंह के अनुसार, इस कार्रवाई के दौरान खोखे के संचालक ने कुछ बदमाश किस्म के लोगों को मौके पर बुलाया, जिन्होंने खुलेआम धमकी दी कि इस विरोध का अंजाम भुगतना पड़ेगा। भवानी सिंह का कहना है कि विरोध के बाद से उन्हें कॉल्स आ रहे है।



**फतेहाबाद।** पत्रकारों से बातचीत करते भवानी सिंह।

### फैशन शो में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

सिरसा। निकटवर्ती गांव सिकंदरपुर में स्थित स्कॉलर्स हैवन स्कूल में वीरवार को फैशन शो आयोजित किया गया, जिसमें वातावरण सहायक, समाज सहायक और परिवार के सदस्यों की भूमिका निभाते हुए बच्चों ने बड़ा ही सुंदर प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल डॉ. अंजू शर्मा ने बताया कि इन सभी कार्यक्रमों को आयोजित करने का मकसद यह है कि हम सभी के बीच में प्यार, साथ और आपसी भाईचारे की भावना जागृत हो। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम जहां बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना जगाते हैं, वहीं उनके छुपी हुई प्रतिभा को भी बाहर निकालने में सहायक होते हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

## एनएचएम कर्मचारियों को चार माह से नहीं मिला वेतन

# डिप्टी सीएमओ को सौंपा ज्ञापन, कार्यालय पर प्रदर्शन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत एनएचएम कर्मचारियों को पिछले 4 महीने से वेतन न दिए जाने से इन कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। वेतन न मिलने से इन कर्मचारियों में काफी निराशा है। वेतन का जल्द भुगतान करने की मांग को लेकर एनएचएम कर्मचारियों ने आज स्वास्थ्य कर्मचारी संघ सम्बंधित भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले रोष जताया और उपसिविल सर्जन डॉ. नीरज और एमएमओ डॉ. बुधराम को ज्ञापन सौंपा। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि अगर रक्षाबंधन तक इन कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलता तो कर्मचारी अपनी बहनों से काले रंग की राखी बंधवाएंगे वहीं सिविल सर्जन कार्यालय पर भी प्रदर्शन करेंगे। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विपिन शर्मा व प्रदेश महामंत्री जगत सिंह ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत एनएचएम कर्मचारियों को पिछले 4 से 6 महीने का वेतन नहीं दिया गया है। लगभग आधा साल बीत जाने के पश्चात कर्मचारियों को बिना वेतन काम करना पड़ रहा है जिससे एनएचएम कर्मचारियों को आर्थिक व मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक साल पहले 20 अगस्त को अतिरिक्त सचिव, स्वास्थ्य विभाग के साथ हुई बैठक में निर्णय हुआ था कि सैलरी के लिए 3 माह के एडवांस बजट का प्रावधान किया जाएगा परंतु जिस प्रकार से एनएचएम कर्मचारियों के वेतन को रोका जा रहा है वह न्यायसंगत नहीं है और श्रम कानूनों की भी उल्लंघना है। समय पर वेतन न मिलने से कर्मचारियों को आर्थिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।



फतेहाबाद। डिप्टी सीएमओ को ज्ञापन सौंपते स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।